


# 1 क्या है लंबा, क्या है गोल?

## नाम बताओ

बच्चे अपने मीकू चाचा को बहुत प्यार करते हैं। वे रोज़ उनके साथ खेलते हैं। आज उन्होंने अपने थैले में तरह-तरह की चीज़ें रखी हैं। खेल है 'नाम बताओ'।





मीकू चाचा अपना हाथ थैले में डालते हैं।

टीम 'ए'

गाना गाती है।




© NCERT not to be republished




टीम 'ए' कहती है — पेंसिल।

✦ क्या तुम भी ऐसा ही सोचते हो?

क्यों न तुम मीकू चाचा के सवाल का कोई अलग जवाब सोचो। ____________



अब टीम 'ए' की बारी है छूकर पता लगाने की। वे गाते हैं —

छूने में कैसा ज़रा बताएँ।
नाम बताएँ, खेल जीत जाएँ।

टीम 'ए' का बच्चा अपना हाथ थैले में डालता है। टीम 'ए' के दूसरे बच्चों को पता लगाना है। क्या तुम उनकी मदद कर सकते हो?




'नाम बताओ' खेल बच्चों को विभिन्न वस्तुओं की आकृतियों को ध्यानपूर्वक देखने तथा उनका वर्णन करने में मदद करता है। वस्तुओं की भौतिक विशेषताओं जैसे – किनारे, कोने, चिकनी अथवा खुरदरी सतह अथवा लुढ़कती या खिसकतीह ैअ ादिव ेब ारेम ेंब ातचीतक रें।उ दाहरणार्थ– म ाचिसक ीि डबियाव ेक ोनेन ुकीलेह ोतेह ैंअ ौरउ से लुढ़काया नहीं जा सकता जबकि एक प्लेट चपटी होती है तथा उसे लुढ़का सकते हैं।




not to be republished
© NCERT

यह खेल तुम अपनी कक्षा में खेल कर देखो। तुम इसे टीम बनाकर भी खेल सकते हो। तरह-तरह की चीज़ें एक थैले में डालो। एक बच्ची की आँख पर पट्टी बाँध दो। वह अपना हाथ थैले में डालेगी। अब उसे बताना यह है कि थैले में पकड़ी चीज़ छूने में कैसी है। टीम के बच्चों को उस चीज़ का नाम बताना है।


### कितना मज़बूत है पोस्टकार्ड?

एक पोस्टकार्ड को एक कोने से पकड़ो। अगर तुम उसपर एक किताब रखो, तो




क्या वह किताब का भार उठा सकता है?

**अब यह करके देखो**




1. पोस्टकार्ड को गोल मोड़ कर एक पाइप-सा बना लो।





2. टेप से दोनों मुड़े हुए छोर जोड़ दो।
3. अब इस पर एक किताब रखो। क्या यह उसे उठा लेता है? देखो पोस्टकार्ड



© NCERT not to be republished

ने कितनी किताबें सँभाली।

**जल्दी-जल्दी फटाफट**

बच्चे कक्षा में एक गोल घेरे में बैठे हैं।
वे इस खेल को खेल रहे हैं और गा रहे हैं।

क्या है लंबा, क्या है गोल ?
जल्दी बोल, जल्दी बोल।




रीना कहती है –

सभी बच्चे गा रहे हैं

क्या है लंबा, क्या है गोल ?
जल्दी बोल, जल्दी बोल।




मीनू कहती है —

और इस तरह से खेल चलता रहता है।

✦ तुम भी इस खेल को अपनी कक्षा में खेलो। बारी-बारी से एक लंबी और




© NCERT not to be republished

एक गोल चीज़ के नाम बोलो। खेल में जिस चीज़ का नाम एक बार बोल दिया जाए उसे दोबारा नहीं बोलना है।



## क्या लुढ़का, क्या खिसका?

चित्र को देखो। पार्क में कुछ बच्चे चीज़ों को लुढ़का रहे हैं और खिसका रहे हैं।



बच्चों के परिवेश में जो चीज़ें लुढ़कती या खिसकती हैं, उन पर चर्चा कीजिए। लुढ़कने और खिसकाई जा सकने वाली चीज़ों की आकृतियों पर उनका ध्यान दिलाइए। इनके गुणों और इनके अंतर पर बातचीत कराएँ, जैसे कि किनारे, कोने, चिकनी खुरदरी सतहें, लुढ़कती या खिसकती है या नहीं।

© NCERT not to be republished

कुछ चीज़ें ऐसी होती हैं जिन्हें लुढ़काया जा सकता है और कुछ जिन्हें खिसकाया जा सकता है।


| *चीज़ें जो लुढ़क सकती हैं* | *चीज़ें जो खिसकाई जा सकती हैं* | *चीज़ें जो लुढ़काई और खिसकाई भी जा सकती हैं* |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

कुछ चीज़ें लुढ़क भी सकती हैं और खिसकाई भी जा सकती हैं।

अपने चारों ओर की चीज़ों को देखो।

नीचे लिखो –

**अपना छोटा-सा पेड़**



1. एक कागज़ लो।
2. इसे मोड़ कर एक पाइप बनाओ।
3. तुम्हारा कागज़ का पाइप देखने में ऐसा लगेगा। गोंद या टेप से इसे चिपकाओ।
4. कैंची से कागज़ के इस पाइप के एक छोर

© NCERT not to be republished

को 7 या 8 जगह काटो।




5. काटे हुए कागज़ के सिरों को नीचे की ओर मोड़ो। तुम्हारा अपना पेड़ तैयार है। इसमें रंग भरो।

**मेरी मीनार सबसे ऊँची**




- अलग-अलग तरह की चीज़ें जमा करो। जैसे — तरह-तरह के डिब्बे, गेंद, रबड़, माचिस की डिबिया आदि।
- अलग-अलग चीज़ों का इस्तेमाल कर अपनी मीनार बनाओ — जैसे

किन वस्तुओं को एक के ऊपर एक रखा जा सकता है और किन्हें नहीं – इस पर कक्षा में एक परिचर्चा कीजिए। किन वस्तुओं की सतह चपटी होती हैं और किनकी नहीं – इसे जानने के लिए बच्चों को प्रेरित कीजिए। उन वस्तुओं के आकारों को वे महसूस कर सकते हैं जो सतह पर स्थिर रहते हैं। दुकानों में साबुन, चाय के डिब्बे तथा टीन को किस तरह से एक-दूसरे पर चढ़ा कर रखा जाता है – इस पर चर्चा करें। बच्चे 'पि_' (सात पत्थरों का खेल) जैसे खेल से आनंदित होते हैं जहाँ उन्हें अलग-अलग आकारों के पत्थरों को एक-दूसरे पर कम-से-कम समय में रखना होता है, जबकि दूसरी टीम गेंद के लिए भागती है।


© NCERT not to be republished

केवल माचिस की डिबियों से या फिर केवल टीन के डिब्बों से।

अब एक साथ कई चीज़ों का इस्तेमाल कर मीनार बनाओ जैसे — जूते के डिब्बेअ ौरट ीनव ेर्ा डब्बेए ्कस ाथय ा फरग ेंदअ ौरम ाचिसक ी डबियाँ



एक साथ।



**सिक्कों का खेल**

इन्हें अपने सिक्के से करने की कोशिश करो।



- सिक्के को इस तरह से पकड़ो।
- सिक्के को घुमाओ। क्या यह गेंद की तरह दिखता है?
- क्या सिक्का लुढ़कता है?





© NCERT not to be republished